राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 169/2023

राज्यपाल ने शहीद सूरज नारायण सिंह की जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 17 मई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी नेता शहीद सूरज नारायण सिंह की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सूरज नारायण सिंह स्मृति संग्रहालय, 4 वीरचन्द पटेल पथ, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी शहीद सूरज नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत का गायन किया गया तथा सर्वधर्म प्रार्थना भी आयोजित की गई।

....